10/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक ने आज दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया जिसके बाद चर्चा हुई और यह सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी है। किसी अन्य मुद्दे पर किसी अन्य स्थान पर बातचीत करने का कोई निर्णय नहीं हुआ है।

Byte Foreign Secy. Vikram Misri

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने आज कहा कि भारत और पाकिस्तान गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत का यही रुख जारी रहेगा।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की कर्नल सूफ़िया कुरैशी ने आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के अभियान विशेष रूप से भारत विरोधी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे आतंकवादी शिविरों और सुविधाओं पर लक्षित हैं।

कर्नल कुरैशी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने किसी भी धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने अपने JF 17 से हमारे S400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि यह भी गलत सूचना है कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में भारत के हवाई क्षेत्र क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और इसकी सेना संवैधानिक मूल्यों का एक बहुत ही सुंदर प्रतिबिंब है।

0000000000000000000000

भारत ने आज कहा कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसाका जवाब भी उसी तरह दिया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की। इस बैठक में एनएसए अजीत डोभाल भी शामिल हुए। यह बैठक पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई के बीच राष्ट्रीय राजधानी में उनके आवास पर हुई।

0000000000000000000000

सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को सलाह जारी की है कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज़ का इस्तेमाल न करें। गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि सायरन के नियमित इस्तेमाल से हवाई हमले के सायरन के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और नागरिक वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इसे सामान्य बात समझ सकते हैं।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने भारत के हालिया आतंकवाद विरोधी मिशन ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर एकता और स्पष्टता को बढ़ावा देने के लिए आज राजभवन में **'सर्व धर्म बैठक'** बुलाई। अरुणाचल प्रदेश के लोगों, विशेषकर धार्मिक नेताओं से आह्वान करते हुए राज्यपाल ने सभी से गलत सूचनाओं के प्रति सतर्क रहने और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, प्रत्येक नागरिक को भारतीय सशस्त्र बलों के बारे में अच्छी तरह से वाकिफ होना चाहिए। राज्यपाल ने अरुणाचलियों की अटूट देशभक्ति की भी प्रशंसा की, 1962 के चीन-भारत युद्ध के दौरान सशस्त्र बलों को उनके दृढ़ समर्थन को याद किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, कामले, लोअर सुबनसिरी, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारीश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

नई दिल्ली स्थित अरुणाचल भवन, के रेजिडेंट कमिश्नर कार्यालय ने पूरे भारत में रहने वाले राज्य के छात्रों के लिए 24x7 आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

सहायता चाहने वाले छात्र आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर- 9870145179, अरुणाचल भवन के मैंनेजर से 011-23013915, 23013844 और अरुणाचल हाउस के मैनेजर से 011-26117727 और 26117728 पर संपर्क कर सकते हैं।

0000000000000000000000

कर्नाटक संगीत की प्रस्तुति देने वाली वाकरो सिस्टर्स, आशापमाई देलांग और बेहेलती आमा ने तेजू में अपना सार्वजनिक गायन रक्षा बलों और शहीदों को समर्पित किया है। शुक्रवार को लोहित जिले के तेजू स्थित इंदिरा गांधी सरकारी कॉलेज की कॉलेज की एनएसएस और एनसीसी इकाइयों एवं बेंबूसा लाइब्रेरी द्‌वारा संयुक्त रूप से इस गायन का आयोजन किया गया।

0000000000000000000000

कल युपिया स्थित गोल्डन जुबली स्टेडियम में साउथ एशियन फुटबॉल फ़ेडरेशन (SAFF) अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के उद्‌घाटन मैच में ग्रुप बी के अपने शुरुआती मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 8-0 से हराकर जीत हासिल की।

0000000000000000000000